# 12 राजस्थान में अपवाह व नदियाँ

1. पार्वती नदी निम्न में से किसकी सहायक नदी है ?
(1) बेड़च (2) साबी
(3) बनास (4) गंभीर

2. किस नदी पर ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के तहत 'हैगिंग ब्रिज' बनाया गया है
(1) बनास (2) कोठारी
(3) कालिसिंध (4) चम्बल

3. लूनी की सहायक नदी नहीं है–
(1) सागी (2) मेंढ़ा
(3) लीलड़ी (4) सुकड़ी

4. बनास नदी के बहाव वाले जिलों का सही युग्म है–
(1) राजसमंद,उदयपुर, चित्तौड़गढ, भीलवाड़ा, शाहपुरा, केकड़ी, टोंक, सवाईमाधोपुर
(2) राजसमंद, चित्तौड़गढ, सलूम्बर, ब्यावर, टोक, सवाईमाधोपुर
(3) राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा, बूँदी, सवाईमाधोपुर, शाहपुरा
(4) राजसमंद, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, केकड़ी, गंगापुर सिटी

5. राजस्थान के किस सम्भाग में सर्वाधिक नदियाँ बहती है?
(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) बांसवाड़ा (4) पाली

6. कौनसी नदी डूँगरपुर व बाँसवाड़ा के बीच सीमा बनाती हुई बहती है ?
(1) मोरेल (2) साबरमती
(3) माही (4) सोम

7. कौनसी नदी अपने उद्गम स्थल पर सागरमती के नाम से जानी जाती है?
(1) घग्घर (2) माही
(3) लूणी (4) साबरमती

8. बांकली बाँध जालौर जिले में किस नदी पर बनाया गया है?
(1) सुकड़ी (2) जवाई
(3) लूनी (4) बांडी

9. अनास नदी का उद्गम किस राज्य से होता है?
(1) राजस्थान (2) मध्यप्रदेश
(3) गुजरात (4) महाराष्ट्र

10. घग्घर नदी के पाट को हनुमानगढ़ में क्या कहते हैं?
(1) थली (2) नाली (3) जाली (4) तळी

11. किस नदी का विस्तार बहावलपुर (पाकिस्तान) में हकरा नाम से जाना जाता है–
(1) काँतली (2) काकनी
(3) घग्घर (4) लूनी

12. कौनसी नदी सीकर, नीमकाथाना व झुंझुनूं में बहने के बाद चुरू की सीमा पर जाकर विलुप्त हो जाती है तथा झुंझुनूं को दो भागों में बांटती है –
(1) काकनी (2) कांतली
(3) बेड़च (4) गंभीरी

13. असंगत छांटिये –
(1) सोम नदी – बीछामेड़ा पहाड़ियाँ (उदयपुर)
(2) जाखम नदी – भंवरमाता की पहाड़ी छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़)
(3) बामनी नदी–हरिपुरा की पहाड़ियाँ (चित्तौड़गढ़)
(4) आहू नदी–सेवर पहाड़ियाँ (जयपुर ग्रामीण)

14. गौडवाड़ प्रदेश किस बेसिन को कहते हैं–
(1) चम्बल बेसिन (2) माही बेसिन
(3) लूनी बेसिन (4) बनास बेसिन

15. निम्न में से चम्बल नदी का उपनाम नहीं है?
(1) नित्यवाही (2) वशिष्ठी
(3) कामधेनू (4) चर्मण्वती

16. सुमेलित कीजिए –

| त्रिवेणी संगम | जिले |
|---|---|
| (A) बेणेश्वर | (1) डूँगरपुर |
| (B) बिगोद | (2) भीलवाड़ा |
| (C) राजमहल | (3) टोंक |
| (D) रामेश्वरम | (4) सवाईमाधोपुर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

17. राणा प्रताप सागर बाँध किस नदी पर बना है?
(1) चम्बल (2) बनास
(3) बेड़च (4) कोठारी

18. कौनसी नदी 'मालव गंगा' के नाम से जानी जाती है?
(1) चम्बल (2) माही (3) बनास (4) लूणी

19. भीमलत जल प्रपात किस नदी पर स्थित है?
(1) मांगली (2) कुराल
(3) वागन (4) बनास

20. बेड़च नदी का उद्गम स्थल कौनसा है?
(1) कुम्भलगढ़ (राजसमंद)
(2) गोगुन्दा की पहाड़ी (उदयपुर)
(3) बावलवाड़ा की पहाड़ी (राजसमंद)
(4) बिजराल की पहाड़ियाँ (राजसमंद)

21. लूनी नदी की राजस्थान में लम्बाई कितनी है?
(1) 320 किमी. (2) 330 किमी.
(3) 380 किमी. (4) 190 किमी.

22. मारवाड़ की गंगा किस नदी को कहा जाता है?
(1) लूनी (2) पश्चिमी बनास
(3) लीलड़ी (4) नर्मदा

23. बीजराल गाँव की पहाड़ियों से किस नदी का उद्गम होता है?
(1) लूनी (2) खारी (3) बनास (4) बेड़च

24. राजस्थान में वाटर सफारी के लिए कौनसी नदी सर्वाधिक उपयुक्त मानी जाती है?
(1) चम्बल (2) बनास
(3) लूनी (4) माही

25. मध्यप्रदेश से उद्गम होने वाली नदियों का सही युग्म है?
(1) परवन, पार्वती, कालीसिन्ध, चम्बल
(2) चम्बल, बनास, खारी, माही
(3) माही, सोम, नेवज, बेड़च
(4) जोजरी, बांडी, गम्भीरी, कांतली

26. वह नदी जो केवल एक ही जिले में बहती है?
(1) जोजड़ी (2) साबी
(3) कांतली (4) काकनी

27. बाँसवाड़ा जिले में खांदू के निकट कौनसी नदी प्रवेश करती है?
(1) बनास (2) चम्बल
(3) सोम (4) माही

28. अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे 'U' आकार में कौनसी नदी प्रवाहित होती है?
(1) साबरमती (2) लूनी
(3) माही (4) सुकड़ी

29. कौनसी नदी–बेसिन का जल ग्रहण क्षेत्र सर्वाधिक है?
(1) बनास (2) चम्बल
(3) लूनी (4) माही

30. राजस्थान के कौनसे नदी–बेसिन में उपलब्ध सतही जल की स्थिति सर्वाधिक है?
(1) चम्बल (2) बनास
(3) माही (4) लूनी

31. राजस्थान की कौनसी नदी–घाटी में संभावित उपलब्ध जल की मात्रा सर्वाधिक है?
(1) बनास (2) माही
(3) लूनी (4) सुकड़ी


32. बेणेश्वर में माही नदी, सोम नदी व ...... का संगम है–
(1) जाखम नदी (2) गोमती नदी
(3) मोरेन नदी (4) भादर नदी

33. लूनी नदी के प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है–
(1) ग्रेनाईट उद्योग (2) ग्वार गम उद्योग
(3) लाख उद्योग (4) रंगाई–छपाई उद्योग

34. जो नदी राजस्थान में दक्षिण से प्रवेश करके पश्चिम में प्रवाहित होकर पुनः दक्षिण की ओर मुड़ जाती है, वह है–
(1) माही (2) साबरमती
(3) चम्बल (4) गुंजाली

Lead, Rise and Achieve
Dhindhwal Publication

# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







– Dhindhwal Publication
– धींधवाल पब्लिकेशन
– Dhindhwal Classes
– @Publication-DP
– Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।